# आईआईएम रायपुर ने इस महीने एआई, डिज़ाइन थिंकिंग और लीडरशिप पर ७ भविष्य-केंद्रित मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स लॉन्च किए



रायपुर, ३ सितंबर २०२५: भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर, जिसे **BuildingBusinessOwners** के लिए जाना जाता है, ने सितंबर २०२५ के लिए अपने मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स (एमडीपी) की घोषणा की है। लीडरशिप, नवाचार, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और कर्मचारी कल्याण पर केंद्रित ये कार्यक्रम आईआईएम रायपुर के एग्जीक्यूटिव एजुकेशन के अंतर्गत आयोजित होंगे। इनका उद्देश्य प्रतिभागियों को तेज़ी से बदलते कारोबारी माहौल में नई जानकारी, रणनीतिक दृष्टिकोण और रूपांतरणकारी कौशल प्रदान करना है।

ये ७ मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट, सूचना प्रणाली, जनरल मैनेजमेंट, एचआरएम और ओबी पर आधारित हैं और इन्हें आईआईएम रायपुर के अनुभवी संकाय द्वारा तैयार किया गया है।

इन कार्यक्रमों में नवाचार, सह-निर्माण और डिज़ाइन थिंकिंग, व्यवसाय और शिक्षा में **ChatGPT** का उपयोग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, कर्मचारी प्रदर्शन और कल्याण, लेबर कोड मास्टरक्लास, हेल्थकेयर मैनेजमेंट और बिज़नेस एनालिटिक्स जैसे विषय शामिल हैं। ये सभी प्रतिभागियों को नवाचार, अनुपालन और उद्योग-विशेष ज्ञान का संतुलित मिश्रण प्रदान करेंगे, जो आधुनिक संगठनों की जटिलताओं से निपटने के लिए ज़रूरी है।

आईआईएम रायपुर के निदेशक-प्रभारी प्रो. संजीव पराशर ने कहा: ''आईआईएम रायपुर में हम एग्जीक्यूटिव एजुकेशन को मानव पूंजी में एक रणनीतिक निवेश मानते हैं, जो न केवल करियर बल्कि संगठनों के भविष्य को भी आकार देता है। सितंबर २०२५ के हमारे एमडीपी कार्यक्रम आज के कारोबारी माहौल की सबसे अहम ज़रूरतों को संबोधित करते हैं—चाहे वह **ChatGPT** जैसे एआई टूल्स का उपयोग हो, नए श्रम कानूनों को समझाना हो, या न्याय और कल्याण पर आधारित नेतृत्व को बढ़ावा देना। ये कार्यक्रम इस विश्वास को दर्शाते हैं कि असरदार शिक्षा समयानुकूल, संदर्भ आधारित और भविष्य के लिए तैयार होनी चाहिए।''

Palash News_IIM Raipur_Ahm_040925_PG-04